कार्यक्रम | जिले के 146 टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित, उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता : रौतेल






**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 146 टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई, जिनमें 70 बालक एवं 76 बालिकाएं शामिल हैं। इनमें 98 मोटराइज्ड तथा 48 इलेक्ट्रिक स्कूटी दी गई।

इस अवसर पर राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना तथा उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार का कर्तव्य है कि बच्चे को शिक्षा अवश्य दिलाएं ताकि उसका भविष्य उज्ज्वल हो और समाज व देश के विकास में उसका योगदान हो।

## विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अध्ययन करें : प्रीति

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों को स्कूटी प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि शिक्षा स्तर को ऊँचा उठाने के लिए शासन द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हीं में से स्कूटी वितरण योजना विद्यार्थियों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## मुख्यमंत्री के उद्बोधन का किया गया सीधा प्रसारण

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, सांसद हिमाद्री सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### इन्हें मिली स्कूटी

स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में देवहरा के पुष्पेन्द्र चौधरी, पिपरिया की शिवांगी पटेल, अनूपपुर की सोमवती, पिपरिया के आदित्य कुमार यादव, पटनाकला के नीरज सिंह, खांडा की रोशनी विश्वकर्मा, पयारी नंबर 1 के गौरव कुशवाहा, पसला के किशन सोनी एवं जैतहरी की मानसी नामदेव प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी, पत्रकार आदि उपस्थित रहे।



# नल-जल योजना के गड्ढे बने परेशानी का सबब

▸ गड्ढों में बारिश का पानी भरने से वाहनों की आवाजाही में हो रही दिक्कत

**अमरकंटक,नवभारत 11 सितंबर।** अमरकंटक के माई बगिया रोड पर नल-जल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदे गए। इन गड्ढों को समय पर भरवाया नहीं गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते हालात और भी खराब हो गए हैं।

गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। विशेषकर स्कूल जाने-आने वाले बच्चे, बुजुर्ग, तीर्थ यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों को कीचड़ और फिसलन से बचते हुए कठिनाई से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इन गड्ढों के कारण यातायात बाधित हो रहा है और अक्सर जाम की स्थिति भी बन जाती है। कीचड़ और पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### लोगों के घरों में लगे नल टूट रहे

नगर परिषद के नल से पानी की सप्लाई घरों में की जाती है, लेकिन वह भी इस योजना के कार्यों से बाधित हो रही है। घरों में लगे नल टूट रहे, जिससे परेशानियां बढ़ रही हैं। नगरवासियों ने संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाकर सड़क की मरम्मत की जाए ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# छात्राओं को दी पुलिस व्यवस्था की जानकारी

▸ बाल मित्र योजना के तहत छात्राओं ने किया कोतवाली थाने का भ्रमण



**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में बाल मित्र योजना, बाल सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार की दोपहर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की लगभग 150 छात्राओं को थाना कोतवाली का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी अरविन्द जैन ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कैशलेन्द्र सिंह और शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं को थाना परिसर का विस्तृत अवलोकन कराया। इस दौरान उन्हें महिला डेस्क, ड्यूटी ऑफिसर कक्ष, कंप्यूटर एफआईआर कक्ष, रीडर कक्ष, विवेचक कक्ष, मालखाना और बंदीगृह दिखाए गए। जहां छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, इसमें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका, अपराधों की रोकथाम एवं गश्त, लापता बच्चों की खोज शामिल है। इस दौरा थाने में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय छात्राओं से कराया गया।

### सुरक्षा उपायों की जानकारी दी

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने थाना प्रभारी, महिला पुलिस अधिकारी सरिता लाकड़ा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर महिला आरक्षक आस्ती गुप्ता से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षा उपायों की जानकारी देना, पुलिस व्यवस्था से परिचित कराना तथा कानून के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करना रहा।

## जुआ फड़ पर छापा 2350 रुपये जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** बिजुरी पुलिस ने 10 सितंबर को ग्राम कटकोना में जुआ फड़ पर दबिश दी। पुलिस ने शिव कुमार चौधरी की खाली दुकान में जुआ खेलते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में सूर्यासेन चौधरी, चन्द्रीका प्रसाद साहू, अजय कुमार महरा, सुन्दरलाल महरा, जमुना चौधरी एवं शालीगराम साहू शामिल हैं। मौके से पुलिस ने नगद 2350 एवं ताश के पत्ते बरामद करते हुए सभी के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जिले में 7.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटों के दौरान औसतन 7.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों अनूपपुर में 1 मिमी, कोतमा में 6 मिमी, बिजुरी में 1.8 मिमी, पुष्पराजगढ़ में 8.4 मिमी, अमरकंटक में 41 मिमी, वहीं जैतहरी, वेंकटनगर और बेनीबारी वर्षामापी केंद्रों पर कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई।

# भाजपा नेता ने महिला से सार्वजनिक मांगी माफी

▸ बहिष्कार की चेतावनी और ब्राह्मण समाज के दबाव में झुके अनिल गुप्ता



**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता को आखिरकार ब्राह्मण समाज के दबाव और बहिष्कार की चेतावनी के आगे झुकना पड़ा। लगभग 12 दिन तक विवाद पर अड़े रहने के बाद गुप्ता को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी।

28 अगस्त को जैतहरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अनिल गुप्ता ने भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री एवं नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष नवरत्नी शुक्ला को कुलक्षणी और पिशाच जैसे अपमानजनक शब्द कहे थे। इस बयान से न सिर्फ राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई बल्कि ब्राह्मण समाज और महिला संगठनों में भी गहरा रोष फैल गया। घटना के बाद जिले के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की निर्णायक बैठक जैतहरी में विजय शुक्ला के फैक्ट्री परिसर में की गई थी। पं. विजय मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चेतावनी दी थी यदि अनिल गुप्ता माफी नहीं मांगते तो उनका सामाजिक बहिष्कार कर आंदोलन तेज किया जाएगा। सिर्फ एक दिन भी समाज के बहिष्कार की चेतावनी नहीं झेल पाए अनिल गुप्ता और उन्होंने तत्काल एक क्षमा याचना पत्र जारी कर दिया।

### क्षमा याचना पत्र का सार्वजनिक वाचन हुआ

अनिल गुप्ता ने क्षमा याचना पत्र में कहा कि 28 अगस्त को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मेरे उद्बोधन के संबंध में मीडिया द्वारा जो प्रसारित हुआ, उसमें मेरा किसी को आहत करने का उद्देश्य नहीं था। फिर भी यदि मेरे वक्तव्य से ब्राह्मण समाज एवं मातृशक्ति की भावनाएं आहत हुई हों तो मैं सद्भावना सहित क्षमा चाहता हूं। सभा में मंच से सम्मानपूर्वक नवरत्नी शुक्ला की उपस्थिति दर्ज की गई और क्षमा याचना पत्र का सार्वजनिक वाचन हुआ। समाज के वरिष्ठजनों ने विचार-विमर्श कर माफी स्वीकार की और मामले को समाप्त घोषित किया।

### इनका रहा योगदान

इस आंदोलन को धार देने और समाज को एकजुट करने में पं. जितेंद्र पाण्डेय, पं. संदीप मिश्रा, पं. शेषनारायण शुक्ला, पं. सुरेंद्र प्रसाद शुक्ला, पं. सुधीर द्विवेदी, पं. दिलीप शर्मा, पं. रोहिणी प्रसाद तिवारी, पं. विजय पांडे, पं. महेश तिवारी, पं. रमाकांत उपाध्याय, पं. आशीष पांडे, पं. राम सजीवन गौतम सहित सैकड़ों विप्रजनों का विशेष योगदान रहा।



# जरूरतमंद परिवारों को बांटी खाद्य सामग्री

**अनूपपुर, नवभारत 11 सितंबर।** समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए जमुना-कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति ने 9 सितम्बर को ग्राम पंचायत निमहा के 60 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान परिवारों को दाल, चावल, सोयाबीन बरी, शक्कर और चायपत्ती उपलब्ध कराई गई। साथ ही 20 बच्चों को फल और बिस्किट के पैकेट भी दिए गए। यह सभी परिवार आमाडांड खुली खदान से प्रभावित हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निमहा के सरपंच और उपसरपंच को भी खाद्य सामग्री व स्वल्पाहार देकर सम्मानित किया गया। यह सेवा कार्य समिति की अध्यक्षा किशोरी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति की सदस्याएँ रुना रंजन, मृगनैनी सिंह, इंदु सिंह, अंजू दयाल, रितु वाडेकर, प्राची सिंह, उषा प्रसाद, सविता गर्ग, सरोज सिंह, पिंकी खतरकर एवं निखत सिद्दीकी मौजूद रहीं।

# टॉयलेट में गंदगी से कॉलेज के विद्यार्थी परेशान



▸ कार्य परिषद सदस्य देवांगन ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**कोतमा नवभारत 11 सितंबर।** महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में शंभूनाथ महाविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य नरेंद्र देवांगन का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से पढ़ाई और शिक्षकों की उपस्थिति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने देवांगन के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि खेल सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को असुविधा होती है। साथ ही पिछले कुछ दिनों से पीने के पानी की समस्या लगातार बनी हुई है, जिसके समाधान की मांग की गई। छात्र-छात्राओं ने बताया कि महाविद्यालय के टॉयलेट अत्यधिक गंदगी से भरे हुए हैं। गंदगी की स्थिति ऐसी है कि उसका उपयोग करना छात्रों के लिए मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### छात्र हितों को प्राथमिकता दे

कार्य परिषद सदस्य नरेंद्र देवांगन ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों को छात्र हितों को प्राथमिकता देने तथा स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छात्रों ने आशा व्यक्त की है कि उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान होगा और महाविद्यालय का वातावरण शिक्षा के लिए अनुकूल बनेगा।



# कोतमा में विद्यार्थियों को साईकिल वितरित

**कोतमा नवभारत 11 सितंबर।** शासन की महत्वाकांक्षी साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुँचने में सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोतमा के लोकप्रिय अध्यक्ष अजय साराफ, वरिष्ठ भाजपा नेता बद्री प्रसाद ताम्रकार, विद्यालय प्राचार्य आर के मिश्रा शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दूरी बाधा नहीं बननी चाहिए। सरकार की यह योजना विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।



# तीन दिन में कार्यवाही नहीं तो बंद की चेतावनी

▸ बढ़ते अपराधों के खिलाफ किया सर्वदलीय प्रदर्शन, उपनिरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**राजनगर, नवभारत 11 सितंबर।** रामनगर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी, अवैध कबाड़ कारोबार और नशे के धंधे को लेकर नगरवासियों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बुधवार को नगर के व्यापारियों और आम नागरिकों ने सर्वदलीय बैनर तले ऐतिहासिक एकजुटता दिखाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भगत सिंह चौक पर एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने थाने पहुंचकर उपनिरीक्षक सुमित कौशिक के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 7 सूत्रीय मांगें थीं, जिनमें पिछले 6 माह में हुई सभी चोरियों की लिखित जानकारी दी जाए, अवैध गांजा व थिनर कारोबारियों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई हो, नगर में कबाड़ कारोबार पूरी तरह बंद कराया जाए, सभी चोरियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही हो, रात 10 बजे के बाद नशे में सार्वजनिक स्थानों पर पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, नगर की सुरक्षा हेतु गश्त, सीसीटीवी निरीक्षण व अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं।

### लिखित आश्वासन की मांग की

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन को चेताया कि यदि 3 दिनों में ठोस कदम और लिखित जवाब नहीं मिला, तो व्यापारी वर्ग और नगरवासी पूर्ण नगर बंद करने पर बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस की होगी। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस, भाजपा, इंटक सहित सभी दलों के नेता, नगर के पार्षद, व्यापारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल रहे।

किया नर्मदा स्नान | भक्तों के साथ मैहर से अमरकंटक पहुंचे स्वामी सीतावल्लभ शरण जू महाराज

# नर्मदा नदी में चंद्रग्रहण पर कई घंटे खड़े होकर किया मंत्र जाप





**अमरकंटक,नवभारत 11 सितंबर।** शक्ति पीठ मैहर से भक्तों के संग चलकर अमरकंटक नर्मदा नदी में स्नान हेतु श्री रामजानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा के महंत श्री श्री 1008 स्वामी सीतावल्लभ शरण जू महाराज पहुंचे। चंदग्रहण के दौरान पहुचे महाराज ने भक्तों के साथ नर्मदा स्नान किए। इसके बाद सभी ने नर्मदा दर्शन, अभिषेक, पूजन कर मंदिर का भ्रमण किया। इसके बाद अमरकंटक से लगभग 15 किलोमीटर दूर संत कुटी आश्रम आमानाला (छत्तीसगढ़) पहुंचे।

संत कुटी आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी बिमला बिहारी जू महाराज (लाल बाबा) ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट कर स्वामी को प्रणाम कर आत्मीय सत्कार किया। श्री राम जानकी बड़ा अखाड़ा शक्ति पीठ मैहर से चलकर चंद्रग्रहण के अवसर पर नर्मदा स्नान हेतु लगभग चालीस-पैंतालीस भक्तों के साथ स्वामी का अमरकंटक आगमन हुआ।

### धर्म उसी का है जो धर्म का पालन करता है : स्वामी

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समय सनातन धर्म पर उंगली उठती रहती है। सारे विश्व के समस्त धर्मों की उपासना का प्रादुर्भाव सनातन वैदिक परंपरा से ही हुआ है। इस समय धर्म ग्लानि को प्राप्त कर रहा है। लोग थोड़ी सी अपेक्षा उपेक्षा में धर्मांतरण कर लेते हैं। धर्मांतरण करने वाले व्यक्ति की कभी भी मुक्ति नहीं होती। धर्म उसी का है जो धर्म का पालन करता है। सनातन धर्म में जो भी राम राम कहता, नारायण नारायण कहता, शिव शिव कहता है सनातन धर्म उसी का है।

### ईश्वर नाम का जाप किया

संत श्री श्री 1008 स्वामी सीतावल्लभ शरण जू महाराज ने बताया कि चंद्रग्रहण पर नर्मदा स्नान करने चालीस भक्तों के साथ अमरकंटक आगमन हुआ। संत कुटी की सेवा में तत्पर रहने वालों के प्रतिनिधित्व में मां नर्मदा के दर्शन, अभिषेक और पूजन संपन्न हुआ। चंद्र ग्रहण पर नर्मदा जल में तीन से साढ़े तीन घंटे खड़े होकर गुरु मंत्र, ईश्वर नाम का जाप किया।

### इनकी रही उपस्थिति

स्वामी के आगमन पर मुख्य रूप पेंड्रा के मृत्युंजय शर्मा, कृष्णा तिवारी, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, मैहर के देवकरण पांडेय, मानपुर के नीरज मिश्रा, पोडकी अमरकंटक के भूपेंद्र मिश्रा, मुनीश पांडेय आदि भक्त मौजूद रहे।